दिनांक : 12 .07.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र का करेंगे वितरण।
- मुख्यमंत्री आज उज्जैन में लाड़ली बहना योजना की 26वीं किश्त करेंगे जारी।
- मुख्यमंत्री ने कहा, गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' की तरह प्रदेश में 10 स्मार्ट सिटीज़ की जाएंगी विकसित।
- प्रदेश में बारिश का दौर जारी है, मौसम विभाग ने 15 जिलों में अति भारी बारिश का किया आरेंज अलर्ट जारी।

प्रधानमंत्री रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वे इस अवसर पर इन युवाओं को सम्बोधित भी करेंगे। 16वां रोजगार मेला देश में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। केन्द्र सरकार के अनेक मंत्रालयों और अनेक विभागों के लिए भर्तियां हो रही है। देशभर में रोजगार मेला के माध्यम से अब तक दस लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किये जा चुके हैं।

लाड़ली बहना किश्त

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन के ग्राम नलवा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्जवला योजना के हितग्राहियों के खातों में जुलाई माह की राशि अंतरित करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत एक करोड़ 27 लाख बहनों को 1503 करोड़ 14 लाख की 26वीं किश्त उनके खातों अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 56 लाख 74 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ की राशि, 30 लाख से अधिक बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफलिंग की 46 करोड़ 34 लाख की राशि भी सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे।

एयर इंडिया विमान दुर्घटना-प्रारम्भिक रिपोर्ट

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने पिछले महीने अहमदाबाद में हुई एयर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में 15 पन्नों की प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट जारी कर दी है। इस दुर्घटना में 260 लोगों की मौत हो गई थी।

निषादराज सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन के कालिदास अकादमी में राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन में मछुआ कल्याण के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं हितलाभ का वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण के 152 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं मछुआरों को हितलाभ का भी वितरण करेंगे। इसमें 453 स्मार्ट फिश पार्लर, अंडरवॉटर टनल और एक्वा पार्क के साथ उत्कृष्ट मछुआरों और सहकारी समितियों का सम्मान किया जाएगा।

मछलीघर एक्वा पार्क

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में बनने जा रहे अत्याधुनिक मछलीघर एक्वा पार्क का आज भूमि-पूजन करेंगे। केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए 25 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है, राज्य सरकार का इसमें 15 करोड़ रुपये का सहयोग से 40 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना होगी। एक्वा पार्क न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगा।

ग्रोथ कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' की तरह प्रदेश में 10 स्मार्ट सिटीज़ विकसित की जाएंगी। उन्होंने 10 लाख नए आवास तैयार किए जाने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री कल इंदौर में 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। इस आयोजन में उद्योग, होटल, रियल एस्टेट, एजुकेशन, रिन्यूअल एनर्जी, आईटी आदि क्षेत्रों में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे प्रदेश में 15 हजार से अधिक रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।  कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री 12 हजार 360 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगातें भी दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि रियल एस्टेट और सोलर एनर्जी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 से 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन की यात्रा पर रहेंगे। दुबई में मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेश को लेकर इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल कॉउंसिल के प्रतिनिधियों के साथ प्रमुख बैठक प्रस्तावित है, जहां मध्यप्रदेश की औद्योगिक तैयारियों और निवेश नीति को लेकर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। मुख्यमंत्री दुबई में कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय रिटेल और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय वार्ता करेंगे, जिनमें प्रदेश में लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउस, रिटेल चेन और निवेश संबंधी अन्य सहयोग पर विचार किया जाएगा।

अमरनाथ यात्रा

तीन जुलाई से शुरू हुई 38 दिवसीय वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा, कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालतल रास्तों से शांतिपूर्वक जारी है। यह यात्रा 9 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन संपन्न होगी। पेश हैं एक रिपोर्ट

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूलं सहित 15 जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। इस बीच कल प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश हुई। सीधी जिले में करीब 6 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा मैहर, सिंगरौली जिलों भारी बारिश दर्ज की गई। भोपाल में कल रात से बारिश जारी हैं।

टेस्ट क्रिकेट-भारत-इंग्लैंड

लंदन के लार्ड्स में इंग्लैंड के साथ एंडरसन-तेंदुलकर क्रिकेट ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन आज भारत पहली पारी में तीन विकेट पर 145 रन से आगे खेलेगा। कल का खेल समाप्त होने के समय के.एल राहुल 53 और ऋषभ पंत 19 रन बनाकर क्रीज़ पर थे। इससे पहले, इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 387 रन ही बना सकी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को विशिष्ट श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर बधाई दी है। मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में बोर्ड को "National Award for Most Effective & Transformational Initiative" से सम्मानित किया गया है।
- खंडवा जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर ओंकारेश्वर में नर्मदा तट पर स्थित कोटितीर्थ घाट पर मां नर्मदा की आरती अब भव्य और विधि विधान से प्रतिदिन होगी। जिला प्रशासन और मंदिर संस्थान के सहयोग से व्यवस्थाएं की गई है।
- कटनी जिले के कुठला में अमराडार मोड़ के पास कल रात सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज़ रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। तीनों मृतक पन्ना जिले के रोहनिया गांव के रहने वाले थे।
- भोपाल में आज से ज्योतिष मठ संस्थान द्वारा दो दिवसीय छठवां कालीदास राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सभागार नेहरू नगर में किया जा रहा है।
- शिवपुरी जिले में 15 से 30 जुलाई तक “नशे से दूरी है जरूरी” जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। इस संबंध कल कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।

- रायसेन में युवाओं को रोजगार से जोडने एवं शिक्षा प्राप्त युवाओं को पंजीकृत औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठनों से मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना के तहत शासकीय आइटीआई में स्पेशल ड्राइव आयोजित की गई।
- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र गुना-29 के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्र क्रमांक 151 से 200 तक के सभी बीएलओ का प्रशिक्षण सत्र कल प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के सभागार में आयोजित किया गया।

-------